दिन– शनिवार | दिनांक– 28 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

02 उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बक्सर में सीमेंट फैक्ट्री और शीतल पेय इकाई का उद्‍घाटन किया। कहा– औद्योगिक विकास सरकार की प्राथमिकता।

03. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– बर्ड फ्लू को लेकर सरकार सजग। लक्षण वाले मरीजों की होगी जांच।

04. और, पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव की मतगणना जारी। देर रात परिणाम आने की सम्भावना।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर में 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य सवाईकल कैंसर की रोकथाम करना है, जो महिलाओं में कैंसर से संबंधित रूग्णता के प्रमुख कारणों में से एक है। इस अभियान की औपचारिक शुरुआत पांच बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाकर की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने हमेशा महिलाओं की छोटी से छोटी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

———बाईट———

मुझे देशभर की बेटियों के लिए एक अहम अभियान शुरू करने का अवसर मिला है। यहां अजमेर से एच.पी. वी. वैक्सीनेशन अभियान शुरू हुआ है। यह अभियान देश की नारी शक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम है।

———————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने राजधानी पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, आईजीआईएमएस में राज्य स्तरीय एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का उद्‍घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेशभर के तेरह लाख बच्चियों को एचपीवी का टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारत सरकार द्वारा अब तक लगभग साढ़े छह लाख टीके उपलब्ध कराए जा चुके हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से सभी स्वास्थ्य केंद्रों तक भेजा जा रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य की एनडीए सरकार के एजेंडे में विकास और रोजगार सबसे ऊपर है। श्री चौधरी ने उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल के साथ संयुक्त रूप से बक्सर जिले के ब्रह्मपुर में सीमेंट फैक्ट्री और शीतल पेय इकाई का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की औद्योगिक नीति से बिहार में उद्योगों का जाल बिछ रहा है। उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सरकार की औद्योगिक नीति के कारण बड़ी संख्या में निवेशक बिहार आ रहे हैं और औद्योगीकरण का माहौल बन गया है।

———बाईट———

————————————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि बर्ड फ्लू को लेकर सरकार सजग है। श्री पांडेय ने कहा कि इसे लेकर स्वास्थ्य और पशुपालन विभाग समन्वय के साथ कार्य रहे हैं। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू के लक्षण वाले मरीजों की जांच के लिए अस्पतालों में व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

———बाईट———

इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान को सात मार्च तक के लिए बंद कर दिया गया है। पटना नगर निगम क्षेत्र में मुर्गियों के लाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रभावित क्षेत्रों के एक किलोमीटर के दायरे में सेनेटाइजेशन का काम किया जा रहा है।

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हालही में सम्पन्न एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत ने दुनिया को एआई सामर्थ्य से परिचित कराया है। उन्होंने कहा कि आज भारत तेजी से ग्लोबल सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन का हिस्सा बन रहा है। श्री मोदी गुजरात के साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग – ए.टी.एम.पी सुविधा का उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन तकनीक में नेतृत्व को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है।

———बाईट———

इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग आधारभूत उद्योग है और भारत ने इस क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर अपनी जगह बनाई है। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में छह गुना वृद्धि दर्ज की गई है।

———बाईट———

————————————————————————————————

रेल मंत्रालय ने सूचित किया कि अनारक्षित टिकट प्रणाली—यूटीएस मोबाइल ऐप की सेवाएं कल से बंद कर दी जाएंगी। मंत्रालय ने बताया कि ये सेवाएं नए रेल वन ऐप पर जारी रहेंगी और आर—वॉलेट बैलेंस स्वचालित रूप से स्थानांतरित हो जाएंगा। मंत्रालय ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे रेल वन ऐप पर उसी मोबाइल नंबर से पंजीकरण करें जो यूटीएस मोबाइल ऐप से जुड़ा हुआ है।

————————————————————————————————

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के तहत मतदान आज झुटपुट घाटनाओं के बीच शांतिपूर्व सम्पन्न हो गया। शिल्प महाविद्यालय स्थित मतगणना केन्द्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इस समय मतों की गिनती की जा रही है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

————————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से सशस्त्र बलों के कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु और सेवा शर्तों के संबंध में ब्रिटिश काल के मानदंडों पर अड़े नहीं रहने को कहा है। साथ ही उच्च कुशल तटरक्षक अधिकारियों के लिए मापदंडों की समीक्षा हेतु एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का सुझाव दिया है। न्यायालय ने तटरक्षक बल के सभी रैंकों में कर्मियों के लिए साठ वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति अनिवार्य करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है।

————————————————————————————————

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। प्रति वर्ष अट्ठाईस फरवरी को महान भौतिक वैज्ञानिक, सर सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा है कि लोग अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक जिज्ञासा की भावना का जश्न मना रहे हैं, जो राष्ट्र को आगे बढ़ाती है। इधर, राजधानी पटना के श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र और तारामंडल समेत प्रदेशभर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये।

————————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने बांसघाट स्थित निर्माणाधीन विद्युत शवदाह गृह और मंदिरी नाला परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन दो लेन सम्पर्क सड़क के निर्माण कार्य की जानकारी

ली। उन्होंने अधिकारियों को समय सीमा के भीतर इन विकास योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।

———————————————————————————

प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की तिरेसठवीं पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस मौके पर पटना के बांसघाट स्थित समाधि स्थल महाप्रयाण घाट पर राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धा–सुमन अर्पित किया।

इधर, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति को नमन करते हुये कहा कि उन्होंने चम्पारण सत्याग्रह से लेकर संविधान सभा तक राष्ट्र निर्माण में अप्रतीम योगदान दिया।

———————————————————————————

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा होलिका दहन के अवसर पर दहन सामग्री में प्रदूषणकारी पदार्थों का उपयोग नहीं करने की सलाह जारी की गयी है। पर्षद ने लोगों से टायर, रबर, मोबिल, प्लास्टिक आदि के सामान नहीं जलाने की अपील की है।

———सलाह———

———————————————————————————

रोहतास जिले के डीला और सोन नदी तटवर्ती इलाके में एक जंगली हाथी के घूस जाने से दहशत का माहौल है। वन विभाग ने आम लोगों से इस क्षेत्र में अकेले नहीं जाने की अपील की है। डीएफओ स्टालिन फील्ड कुमार ने बताया कि हाथी को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर वापस भेजने का प्रयास किया जा रहा है।

———————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा तक की वार्षिक परीक्षा बारह मार्च से शुरू होगी। एससीईआरटी ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं उन्नीस मार्च तक चलेंगी।

———————————————————————————

पर्यटन विभाग और दरभंगा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आज से दो दिवसीय ”मिथिला लोक उत्सव दो हजार पच्चीस–छब्बीस का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में विभिन्न विधाओं के विशिष्ट कलाकारों और महानुभावों को सम्मानित किया जाएगा।

———————————————————————————

रेलवे ने गया जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन पर चल रहे उन्नयन कार्य के कारण यात्रियों से अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की है। पंडिल दीन दयाल उपाध्याय मंडल के डीआरएम उदय सिंह मीणा ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है।

———————————————————————

अररिया जिले के सिकटी प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत भारत नेपाल सीमा के कालू चौक के पास पुलिस ने छापेमारी कर लगभग नौ सौ बीस बोतल नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

02 उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बक्सर में सीमेंट फैक्ट्री और शीतल पेय इकाई का उद्घाटन किया। कहा– औद्योगिक विकास सरकार की प्राथमिकता।

03. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– बर्ड फ्लू को लेकर सरकार सजग। लक्षण वाले मरीजों की होगी जांच।

04. और, पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव की मतगणना जारी। देर रात परिणाम आने की सम्भावना।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।